11 जून 2019

प्रेस विज्ञप्ति

**दिल्ली सरकार की शैक्षिक नीतियों पर जामिया के रिसर्च स्कॉलर के अनुसंधान को हांग कांग की इंटरनेशनल कांफ्रेंस के लिए चुना गया**

जामिया के सोशल वर्क विभाग के रिसर्च स्कॉलर मिनहाज अक्रम लिखित 'समावेशी नीति के ज़रिए गुणवत्ता: दिल्ली सरकार की शैक्षिक नीतियों के नतीजे '' को हांग कांग विश्वविद्यालय, हांग कांग एसएआर में आयोजित इंटरनेशनल कांफ्रेंस के लिए चुना गया है। इसे मिनहाज़ के साथ ही मुहम्मद ज़ाकिर रियाज़ और डा अश्विनी कुमार सिंह ने मिल कर लिखा है। इस कांफ्रेंस का विषय है ''चेंज एंड इनोवेशन आॅफ बैटर वल्ड: द फ्यूचर आॅफ सोशल वर्क प्रोफेशन। यह कांफ्रेंस 27 से 29 जून 2019 को आयोजित होगी। इसका आयोजन हांग कांग सोशल वर्क एसोसिएशन कर रही है।

इस कांफ्रेंस की साइंटिफिक कमेटी ने बेस्ट स्टूडेंट अवार्ड श्रेणी में छह फाइनालिस्ट में से इसे चुना है। सम्मेलन में मिनहाज की तरफ से 8 मिनट का प्रेजेंटेशन और 2 मिनट का सवाल जवाब का सत्र चलेगा।

कांफ्रेंस में हिस्सा लेने के लिए मिनहाज को 2000 हांग कांग डालर मिले हैं।

जामिया के सोशल वर्क विभाग में मिनहाज का रिसर्च स्कालर के रूप में दिसंबर 2017 में पंजीकरण हुआ था। डा अश्विनी कुमार ने अनुसंधान में उनका मार्गदर्शन किया। वह दिल्ली के 'प्राइवेट स्कूल में आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों के सामने पेश आने वाली चुनौतियों और संभावनाओं ' पर अनुसंधान कर रहे हैं। वह सोशल वर्क विभाग से ही अंडग्रेजुएट और पोस्टग्रेजयुएट कर चुके हैं। इस दौरान उन्हें दो बार गोल्ड मैडल से सम्मानित किया गया।

पोस्टग्रेजुएट पढ़ाई के दौरान मिनहाज दस दिन के स्टूडेंट एक्सचेंच कार्यक्रम के तहत जर्मनी गए। उन्हें इंडियन काउंसिल आफ सोशल साइंसेज़ रिसर्च की तरफ से डाक्टरल फेलोशिप भी मिली।

**अहमद अज़ीम**
जनसंपर्क अधिकारी एवं मीडिया संयोजक